तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार,29 जून 2024

12 टांगरी नदी में पानी निकासी बेहतर न होने पर ...



12 रिहायशी भवन में घुसकर हमला करने वाले छह आरोपी काबू



## खबर संक्षेप

### लापता बच्चा नाले में पड़ा मिला, अस्पताल में मौत

पानीपत। पानीपत के गांव निंबरी में निवास कर रहे अजब सिंह मूल निवासी गांव नगला काइयां जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश का ढाई माह का पुत्र अनुज वीरवार को अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह अनुज, घर के पास नाले में पड़ा मिला। उस समय उसकी सांस चल रही थी। परिजनों ने पानीपत के सिविल अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान अनुज की मौत हो गई।

### ठेकेदार पर दुष्कर्म का केस दर्ज

पानीपत। पानीपत निवासी एक महिला के साथ ठेकेदार ने दुष्कर्म किया। पीडित महिला आरोपी ठेकेदार के यहां दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम करती थी। हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस को दी शिकायत महिला ने बताया कि उसका बेटा चोरी के एक मामले में पकड़ा गया था। ठेकेदार ने उसकी जमानत का इंतजाम किया। बदले में वह उसके घर पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने राजकुमार नामक ठेकेदार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में कार चालक की जान गई

पानीपत। जीटी रोड करहंस गांव के नजदीक अनियंत्रित कंटेनर चालक ने कार सवार को देर रात्रि टक्कर मार दी। कार आगे चल रहे एक अन्य वाहन के बीच में फंसकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें कार सवार गौतमबुद्ध नगर सेक्टर 51 निवासी रोहित की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर निगम कार्यालय से व्यक्ति का पर्स चोरी

**यमुनानगर**। शहर के नगर निगम कार्यालय में हाउस आईडी अपडेट करवाने आए व्यक्ति का पर्स चोरी हो गया। पर्स में साढ़े नौ हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## दिल्ली में बारिश से जलभराव के चलते ट्रेन का पहिया रुका रहा

# पानीपत में विभिन्न जगहों पर घंटों रोकी गई रेल गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली में शुक्रवार के तडके लगातार छह घंटे चली बारिश ने पानीपत से दिल्ली के बीच रेल यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली-अंबाला रेल लाइन समेत अन्य लाइनों से दिल्ली और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली रेल प्रभावित रही। रेल यातायात करीब साढ़े छह घंटे बंद होने दो दर्जन से अधिक ट्रेन प्रभावित रही।

■ यात्रियों को अपने गंतव्य को जाने के लिए सड़क यातायात का सहारा लेना पड़ा



पानीपत में समालखा के पास खडी ट्रेन।

यात्रियों को अपने गंतव्य को जाने के लिए सड़क यातायात का सहारा लेना पड़ा। सुबह साढ़े 10 बजे इक्का-दुक्का ट्रेनों को दिल्ली भेजना शुरू किया।

स्मरणीय है कि दिल्ली में शुक्रवार की रात एक बजे बारिश शुरू हो गई थी। पुरानी दिल्ली और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में पानी घुस गया। यहां ट्रैक पर पानी आने से रेलवे ने ट्रेनों को आउटर पर रोकना शुरू कर दिया। बारिश के लगातार चलने से रेलवे ट्रैक पर पानी बढ़ता चला गया।

ऐसे रेलवे ने अल सुबह तीन व चार बजे के बीच रेलों को जहां के तहां रेलवे स्टेशनों पर रोकना शुरू कर दिया। पानीपत के समालखा, पानीपत, घरौंडा व करनाल में ट्रेनों को रोक दिया गया। इस दौरान दिल्ली आने-जाने वाली यात्री, मेल और पैसेंजर गाड़ी प्रभावित रही।

### यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

सुबह साढ़े 10 बजे बारिश बंद होने के बाद ट्रैक से पानी उतरने के बाद गाड़ियों का आवागमन शुरू हुआ। रेल यातायात सामान्य होने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली। दूसरी ओर, दिल्ली की तरफ सुबह के समय दैनिक यात्री सबसे अधिक जाते हैं। पानीपत व यहां से सुबह सवा पांच बजे यात्री गाड़ी शुरू हो जाती हैं। शुक्रवार को दिल्ली में बारिश के चलते यात्री गाड़ियों को भी ब्रेक लगा दिए गए। रेलवे ने स्टेशनों पर उद्घोषणा करानी शुरू कर दी। ऐसे में यात्रियों को सड़क मार्ग से होकर अपने गंतव्य को जाना पड़ा। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली के अलावा दिल्ली से आने और इससे आगे जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

# अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी करने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने विदेश अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना लाडवा की टीम ने विदेश अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी निखिल पाहवा पुत्र रमेश कुमार पाहवा वासी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 मई 2023 को राहुल पुत्र विजेंद्र कुमार वासी मेरडा जिला जींद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका अपनी रिश्तेदारी बकाली लाडवा मे आना जाना है। वह विदेश जाना चाहता था। लाडवा मे उसकी मुलाकात निखिल से हुई जिसने उसको विदेश भेजने के बारे में कहा और बताया कि वह विदेश भेजने का काम करता है। उनकी 40 लाख रुपये में अमेरिका जाने के लिए बात तय हुई। आरोपी ने कहा कि पहले उसको तनजानिया भेजेगा बाद में अमेरिका भेज देगा। इसके बाद उसने आरोपी को अगस्त 2022 में 6 लाख नगद दे दिए। उसके 2 दिन बाद उसने 4 लाख 50 हजार रुपए और दिए और आरोपी ने उसको तनजानिया की टिकट दी। 1 नवम्बर 2022 को उसको दिल्ली से मुम्बई तथा मुम्बई से तनजानिया के लिए भेज दिया। 3 नवम्बर को तनजानिया पहुंचने के बाद उसको होटल में रोका गया। उसके बाद आरोपी ने उससे 4.5 लाख रुपये की मांग की। पैसे मिलने के बाद उन्होंने उसके पास से करीब 1290 डालर भी छीन लिए और उसको भारत वापस भेज दिया। वापस आकर उसने अपने पैसे वापस मांगें तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक मूलचंद को सौंपी गई। प्रभारी थाना लाडवा के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक उप निरीक्षक मूलचंद की टीम ने विदेश अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के निखिल पाहवा पुत्र रमेश कुमार पाहवा वासी जमनादास बाजार लाडवा जिला कुरुक्षेत्र गिरफ्तार कर लिया।

■ पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया

# कला परिषद की अभिरुचि कक्षाओं में विद्यार्थी सीख रहे कला के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं मानी गई है, इंसान हमेशा सीखता रहता है। बाल्यकाल से वृद्धावस्था तक व्यक्ति समाज में रहकर कुछ न कुछ सीखता रहता है, जो उसके जीवन को एक नया मोड़ देने में सहयोगी होता है। ऐसा ही कुछ कला कीर्ति भवन में देखने को मिल रहा है, जहां अलग-अलग उम्र के कलाकार विभिन्न विद्याओं को सीखकर कला से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने बताया कि कला कीर्ति भवन में इस वर्ष अभिनय, चित्रकला, हरमॉनियम, गायन, हरियाणवी नृत्य तथा कत्थक नृत्य की कक्षाएं लगाई गई हैं। अभिनय कक्षा के विद्यार्थियों को विकास शर्मा द्वारा अभिनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं हरमॉनियम तथा गायन का प्रशिक्षण नवजोत सिंह दे रहे हैं। चित्रकला के विद्यार्थी कला परिषद की ललित कला समन्वयक सीमा काम्बोज की देखरेख में चित्रकला सम्बंधित जानकारी हासिल कर रहे हैं, वहीं कत्थक व हरियाणवी नृत्य का प्रशिक्षण पंकज कुमार द्वारा दिया जा रहा है। नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 4 बजे से 6 बजे तक लगने वाली कक्षाओं में दस वर्ष से लेकर सत्तर वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। हॉबी कक्षाओं का समापन 3 जुलाई को कला कीर्ति भवन में किया जाएगा, जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

■ कक्षाओं में दस वर्ष से लेकर सत्तर वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

# कस्टोडियन लैंड पर बसे 30 हजार लोगों को मिलेगी राहत

## सरकार मॉडल टाउन में निर्धारित रेट पर ही रजिस्ट्री करवा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम क्षेत्र में कस्टोडियन लैंड पर बसी तीन कॉलोनियों के करीब 30 हजार लोगों को सरकार से राहत मिल सकती है। सरकार इन कॉलोनियों के लोगों के मकानों की पूर्व में मॉडल टाउन में निर्धारित किए गए 250 रुपये प्रति वर्ग गज के रेट पर ही रजिस्ट्री करवा सकती है। इस मुद्दे को लेकर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, निवर्तमान पार्षद अशोक कटारिया, कोमल सैनी, रामकुमार सैनी कुरुक्षेत्र में निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मिले। मुलाकात में निकाय मंत्री ने शहर के जनप्रतिनिधियों की ओर से की गई शहरवासियों की मांग को सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि वे इन कॉलोनियों के पूरे रिकॉर्ड को निकलवा कर इस पर अधिकारियों से चर्चा करेंगे और जल्दी ही फैसला भी लेंगे। विधायक विज ने बातचीत में कहा कि ये तीनों कॉलोनियों अब वार्ड सात से 11 में हैं। जो एससी-बीसी वार्ड की कॉलोनियां हैं। यहां पर करीब 25 एकड़ जमीन में तीनों कॉलोनी कस्टोडियन लैंड पर करीब 40 से 50 साल पहले बस चुकी हैं। इनमें वार्ड फिलहाल सात राजीव कालोनरी और वार्ड 11 की सैनी कालौनी, चावला कालोनी है। जिनकी आबादी करीब 30 हजार है। सरकार ने नियम बनाया था कि कस्टोडियन लैंड की जमीन पर बसे लोग अपनी जमीन की कलेक्टर रेट के हिसाब से रजिस्टरी करवा सकते हैं। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि तीनों कालोनियों के लोगों की काफी समय से मांग आ रही थी कि उनकी रजिस्ट्री हो जाए और सरकार द्वारा पूर्व निर्धारित रेटों पर ही हो जाए। इसे लेकर दोनों जनप्रतिनिधियों के साथ निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मुलाकात की गई। जिस पर मंत्री की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

■ पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, निवर्तमान पार्षद अशोक कटारिया, कोमल सैनी, रामकुमार सैनी कुरुक्षेत्र में निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मिले



पानीपत के विधायक प्रमोद विज, निकाय मंत्री सुभाष सुधा से वार्ता करते हुए।

# 320 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**कुरुक्षेत्र**। कुवि के कुलपति के निर्देशनुसार कुवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एलएलएम, एमए मनोविज्ञान एवं लोक प्रशासन में दाखिले के लिए शुक्रवार को आयोजित प्रवेश परीक्षाएं हुई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के ब्लॉक एक व दो में एलएलएम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 320 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं केयू आर्ट्स फैकल्टी में आयोजित दूसरे केंद्र में 112 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि विधि संस्थान में आयोजित एमए मनोविज्ञान में दाखिले के लिए 220 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया तथा आर्ट्स फैकल्टी में आयोजित एमए लोक प्रशासन के लिए 90 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 29 जून को मास्टर ऑफ सोशल वर्क की 50 सीटों के लिए प्रातः 10 बजे, एमए अंग्रेजी की 120 सीटों के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए अर्थशास्त्र की 80 सीटों के लिए दोपहर 3 बजे प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 30 जून को एमबीए एसएफएस व बजटिड की परीक्षा प्रातः 10 बजे, बीएड स्पेशल एजुकेशन (वीआई) की परीक्षा दोपहर 12 बजे, एलएलबी के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है

■ आर्ट्स फैकल्टी में आयोजित एमए लोक प्रशासन के लिए 90 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी

# पानीपत के तीरंदाज सितांशु ने जीता गोल्ड

**पानीपत**। आल इंडिया नेशनल लेवल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें भारत के सभी राज्यों के तिरंदाजों ने भाग लिया। जिसमें पानीपत जिले के एनवी तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजो ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, गोवा नेशनल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। अकादमी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन परिणाम हासिल किए। सीनियर कंपाउंड राउंड में सीतांशु ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कार्तिक ने रजत पदक पर अपना कब्जा किया। वहीं सीतांशु, कार्तिक, प्रियांशु और अहान की हरियाणा सीनियर टीम ने पंजाब की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया। अंडर 14 श्रेणी में, प्रीक्षित ने तमिल नाडू के तिरनादाज को पछाड़ते हुए इंडियन राउंड में कांस्य पदक जीता, तथा पानीपत के वंश और हार्दिक की हरियाणा टीम ने कंपाउंड राउंड में पहला स्थान हासिल किया। पानीपत के एनवी तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों ने कुल 10 पदक जीते, जो एक बड़ी उपलब्धि है



# कार्निवल ग्रैंड शॉप्सी मेले की रही धूम

**पानीपत**। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी के फ्लिपकार्ट ने हाल ही में अपने बहुप्रतीक्षित शॉपिंग ग्रैंड शॉप्सी मेला के पांचवें संस्करण का समापन किया। मेला में शॉप्सी पर ग्राहकों में पचास प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई, जिनमें से तिरालीस प्रतिशत पहली बार ई-कॉमर्स खरीदार थे। शॉप्सी की बिजनेस हेड प्रत्युषा अग्रवाल ने कहा, हम अपने सबसे बड़े सेल इवेंट ग्रैंड शॉप्सी मेले की निरंतर सफलता से उत्साहित हैं। यह हर साल बड़ा होता जा रहा है और हमने देखा है कि उपभोक्ता इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सर्वोत्तम हाइपरवैल्यू शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में हमारे प्रति ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है। हम व्यापक रेंज से लेकर सहज ब्राउज़िंग अनुभव तक एंड-टू-एंड इनोवेशन के लिए समर्पित है।

## अच्छी पहल

कृषि मंत्री ने खुले दरबारों में सुनीं आमजन की समस्याएं

## कंवरपाल ने भाजपा के जिला कार्यालयों में लगाया खुला दरबार

# आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान: कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार को तीन स्थानों भूड़कलां, छछरौली व भाजपा के जिला कार्यालय यमुना कमल में खुला दरबार लगाकर लोगों की जन समस्याएं सुनी। इस दौरान कृषि मंत्री कंवरपाल ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उन्हें उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर जल्द करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार सुबह सबसे पहले खंड प्रतापनगर के भूड़कलां में खुला दरबार लगया। जिसमें सैंकड़ो लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कृषि मंत्री ने मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान खुले दरबार में गीता राम सरपंच चुहरड़पुर कलां ने नाले की निशानदेही करवाने, राकेश देवधर ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ दिलवाने, कुटीपुर निवासी कमला ने मकान मुरम्मत की किश्त दिलवाने, शिव कॉलोनी छछरौली निवासी कमलेश, तरुण, निर्मल,अनीता ने कमलेश के घर से निर्मल कौर के घर तक गली निर्माण करवाने, मानीपुर ग्राम पंचायत ने स्कूल की चारदिवारी, स्कूल से लेकर हनीफ के घर से फिरनी व नाले का निर्माण करवाए जाने, रामपुर खादर के सरपंच ने श्मशान घाट का रास्ता पक्का करवाए जाने, कांसली निवासी गुलामदीन ने मकान की मरम्मत की किश्त दिलवाए जाने, छछरौली निवासियों ने कस्बा में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने आदि समस्याएं रखी। जिनमे से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान संखेड़ा निवासी ओमकार ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा स्कीम के तहत उसकी जमीन का पंजीकरण किसी अन्य व्यक्ति के नाम किए जाने की शिकायत मंत्री को दी मंत्री कंवर पाल ने दोषी के विरुद्ध संबंधित अधिकारियो को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद कृषि मंत्री कंवरपाल ने छछरौली व यमुनानगर में भाजपा जिला कार्यालय में खुला दरबार लगाकर आजम की समस्याएं सुनी।

■ प्राथमिकता के आधार पर समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए



यमुनानगर के भूड़कलां में आयोजित खुले दरबार में आमजन की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर छछरौली के एसडीएम राजेश पूनिया, डीएसपी महावीर सिंह, तहसीलदार सुदेश मेहरा, थाना प्रभारी छछरौली रोहताश सिंह, बीडीपीओ सचेत मित्तल, सिंचाई विभाग के एक्सईएन गुरविंदर सिंह,भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, कल्याण सिंह, गुलशन अरोड़ा, कुलदीप राणा, जगदीश धीमाव न डॉ. वागीश गुटेन आदि मौजूद रहे।

# केयू आईआईएचएस में बीकॉम व बीएससी लाइफ साइंस में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

## बीकॉम की पहली मेरिट सूची 104.2 से शुरू होकर 101.2 पर समाप्त हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा शुक्रवार को बीकॉम एवं बी ए स सी लाइफ साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दोनों प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए 1 जुलाई को होनी वाली फिजिकल काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि बीकॉम में दाखिले के लिए कमरा संख्या 1 में तथा बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस के लिए कमरा संख्या 26 में काउंसलिंग आयोजित होगी तथा फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित है। उन्होंने बताया कि बीकॉम की ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 104.2 से शुरू होकर 101.2 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 100.2, हरियाणा जनरल की 101 से 98.4 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 98 से शुरू होकर 96.2 तक, हरियाणा एससी की 98.4 से 95.2 तक, हरियाणा डी-एससी 94.8 से 89.6, बीसीए 98.4 से 96.2, हरियाणा बीसी बी 98.4 से 96.8, दिव्यांग/पीडब्ल्यूडी/ पीएच/ ब्लाइंड वर्ग की 83.2 तथा ईएसएम वर्ग की 96.6 से 93.6 पर समाप्त हुई। वहीं बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस की ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 103 से शुरू होकर 98.6 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 94.4 से 94, हरियाणा जनरल की 98.4 से 94 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 93 से शुरू होकर 88.4 तक, हरियाणा एससी की 93 से 88 तक, हरियाणा डी-एससी 92.6 से 76.2, बीसीए 93.8 से 86.2, हरियाणा बीसी बी 93.4 से 86.6, ईएसएम वर्ग की 78.8 से शुरू होकर 66.8 पर समाप्त हुई है।

उन्होंने बताया कि मैरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

■ अभ्यर्थी को फिजिकल काउंसलिंग के लिए 1 जुलाई को होना होगा उपस्थित



## खबर संक्षेप



### युवा लड़कियों को बताए उनके अधिकार

**करनाल।** युवा लड़कियों को गैर बराबरी के सभी ढांचों को तोड़ते हुए आगे बढ़ना होगा। उक्त बात जनवादी महिला समिति की राज्य सहसचिव और युवा सब कमेटी की संयोजिका अमिता ने कही। वे स्थानीय सब्जी मंडी के नजदीक सर्व कर्मचारी संघ के कार्यालय में जनवादी महिला समिति द्वारा आयोजित युवा लड़कियों की जिला स्तरीय कन्वेंशन में संबोधित कर रही थीं। कन्वेंशन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुमन जांगड़ा और संचालन जिला सचिव जरासो ने किया। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष सविता, जिला की नेता ममतेश, शीला व शिवानी भी मंच पर मौजूद रहीं। आजादी के 68 सालों बाद भी युवा लड़कियों की पसन्द और अधिकारों की समाज में जगह बहुत सीमित है।



### जेसीआईटी की और से किया वृक्षारोपण

**घरौंडा।** जेसीआईटी की और से रेलवे पार्क में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण डॉ नरेश शास्त्री ने किया और उन्होंने लोगो को अधिक से अधिक पेड़ लगाने आह्वान किया। कार्यक्रम में वृक्ष का मां की तरह श्रृंगार भी किया गया।

शुक्रवार को जेसी रिट के वृक्षारोपण कार्यक्रम जेसी रिट की और से संस्था की अध्यक्ष रितु गुप्ता ने अपनी टीम के साथ एक नए रूप में पौधारोपण जनजागरूकता अभियान रेलवे स्टेशन स्थित पार्क में त्रिवेणी के वृक्ष नीम पर एक मां की तरह उसका श्रृंगार कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष भी हमारी मां के समान है और जिस तरह हमारी मां हमारा पालन पोषण करके हमे बड़ा करती है।

### सीएम के ओएसडी बठला का किया अभिनंदन

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि रहे संजय बठला को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ओएसडी नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। शुक्रवार को पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी व भाजपा रामनगर मंडल के पूर्व महामंत्री प्रमोद नागपाल ने संजय बठला के निवास स्थान पर पहुंचकर सीएम का ओएसडी बनने पर अभिनंदन करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इससे पहले संजय बठला पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संजय बठला मिलनसार और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं और वे करनाल के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर हल करवाएंगे।

### लगातार लग रहे समाधान शिविरों में अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे लोग

# समाधान शिविर में अधिकरियों ने 17 शिकायतों का किया निपटारा

**करनाल में आयोजित शिविर में नौ मामले निपटए , घरौंडा की सुनीता के परिवार पहचान पत्र में आय संशोधित की गई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 17 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। करनाल में आयोजित शिविर में नौ मामले निपटाये गए। घरौंडा की सुनीता, करनाल की सुनीता रानी की परिवार पहचान पत्र में आय संशोधित की गई। इसी प्रकार इंद्री के सोमप्रकाश की परिवार के मुखिया के नाम में संशोधन किया गया। नीलोखेड़ी के विनोद कुमार, घरौंडा के अमित कुमार, करनाल के मदन लाल की भी पीपीपी में दिखाई गई आय में संशोधन किया गया। कुंजपुरा की पूजा के पते और करनाल की संतोष जैन की प्रॉपर्टी आई डी संबंधी शिकायत का समाधान किया गया। करनाल के रंजीत सिंह की आयुष्मान कार्ड संबंधी समस्या का समाधान किया गया। इसी प्रकार इन्द्री में एक, असंध में एक और घरौंडा में छह शिकायतें संबंधित एसडीएम द्वारा निपटाई गईं। करनाल में पांच शिकायतें रद्द कर दी गईं। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में आज अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, डीएसपी नायब सिंह, सीटीएम शुभम, उप सिविल सर्जन डॉ नीलम वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कैप्शन : जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि



करनाल। अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## आयुष्मान भारत योजना में सुधार की जरूरत: त्रिलोचन

- करनाल कांग्रेस के 31 सदस्यीय दल ने डीसी कार्यालय में सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल जिला कांग्रेस ने आयुषमान भारत योजना को विफल बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना न केवल गरीबों के लिए अभिशाप बन गई है बल्कि इसने स्वास्थ सेवाओं पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। शुक्रवार को कांग्रेस के 31 सदस्यीय दल ने जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह की अगुवाई में सचिवालय में डीसी कार्यालय में अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और आयुषमान भारत योजना में सुधार की मांग की। इस मौके पर त्रिलोचन सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, एक तरह का माफिया पनप गया है ,उसकी विधिवत जांच हो, दोषी को सजा मिले और भविष्य में ऐसे माफिया पर रोक लगाई जाए। पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी लहरी सिंह व सचिव अंशुल लाठर ने कहा कि आयुषमान भारत योजना सरकार की नाकामी का प्रमाण है। गुरविंद्र कौर व रोहित जोशी ने कहा कि सरकार गरीबी खत्म करने के लिए काम करे न कि गरीब को हटाने वाली योजनाएं लेकर आए। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी लहरी सिंह, सचिव अंशुल लाठर, गुरविंद्र कौर, प्रधान रोहित जोशी, ब्लॉक समिति सदस्य सुरेश फौजी, रणपाल संधु, सोनी कुटेल, मीनू दुआ, परमजीत भारद्वाज, प्रेम मलवानिया, पृथ्वी भाट, सुरेंद्र कटाबाग, राजिंद्र अरोड़ा पप्पी, अंग्रेज सिंह आदि रहे।



करनाल। कर्ण पार्क में आयोजित योग कक्षा में भाग लेते साधक।

### कर्ण पार्क में साधकों को करवाया योगाभ्यास

**करनाल।** हमारा मिशन स्वस्थ भारत के मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा द्वारा मानव सेवा संघ कर्ण पार्क में निःशुल्क योग कक्षा चलाई जा रही है। कक्षा में मुख्य रूप से सुक्ष्म व्यायाम, आसन, सूर्य नमस्कार इसके उपरान्त ध्यान साधना, अलोम-विलोम करवाया जाता है। संदुजा ने बताया योग स्वास्थ्य की कुंजी है सभी को योग अवश्य करना चाहिए। आज कि योग कक्षा में योग शिक्षिका शैलजा गुप्ता ने शारीरिक अभ्यास करवा कर वीरभद्र आसान करवाया संगीत की मधुर ध्वनि के साथ सूर्य नमस्कार भी किया गया। आज सभी साधकों ने शैलजा गुप्ता को उनके जन्मदिवस पर केक काट कर शुभकामनाएं दी। योग शिक्षक नवीन संदूजा और सभी साथियों ने शैलजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मीनाक्षी मित्तल, आशा, विकास शर्मा, जितेंद्र, कमल चोपड़ा, रितु, सुमित आहूजा, सुनीता अरोड़ा, देवी दयाल अरोड़ा, मुरारी बत्रा, सनी आहूजा, साक्षी, राखी, आरती कपूर इत्यादि ने बढ़ चढकर भाग लिया।

# पिछले 9 सालों से तरावड़ी कॉलेज का निर्माण न करा पाने के लिए बीजेपी सरकार जनता से मांगे माफी: राजेश वैध

- शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं जनप्रतिनिधि,अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से रहे फेल : राजेश वैध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य राजेश वैध ने कहा कि भाजपा हरियाणा में शिक्षा का स्तर शून्य तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। आज प्रदेश में शिक्षा को एक व्यवसाय बनाकर छोड़ दिया गया है जहां पर गरीबों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश की जा रही है। नई शिक्षा नीति लागू करने का कोई औचित्य नही रहेगा जब प्रदेश में विद्यार्थियों को कालेज की कमी से जूझना पड रहा हो। हालात ये है कि तरावड़ी में पिछले नौ वर्षो से सरकार एक कॉलेज का निर्माण नहीं करा पाई जिस से ये साफ़ हो जाता है की बीजेपी सरकार शिक्षा के प्रति कितनी गंभीर है । वैध ने कहा की नीलोखेड़ी विधानसभा के जनप्रतिनिधि इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है और वे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। राजेश वैध आज तरावडी में वार्ड 6 में युवाओ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करने पहुंचे थे।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे उपस्थित कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य राजेश वैध व अन्य।

**गरीबों के बच्चों से शिक्षा का हक छीना जा रहा**

सरकार शिक्षा के निजीकरण पर अधिक ध्यान दे रही है और इन संस्थानों में फीस अधिक होती है ऐसे में गरीब परिवार का बच्चा उच्च शिक्षा के बारे में सोच भी नहीं सकता, लगता है कि सरकार गरीबों के बच्चों से उच्च शिक्षा का अधिकार छीन लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार ने प्रदेश का बेड़ागर्क करके रख दिया है ठीक वैसे ही शिक्षा का करना चाहती है।

उन्होंने कहा की प्रदेश के 182 कॉलेज में प्रोफेसर के 7986 पदों में से 4618 पद रिक्त पड़े हो। सबसे ज्यादा अंग्रेजी के 625 और ज्योग्राफी के 500 पद खाली है। पहले धर्म और जाति के नाम पर समाज को तोडऩे वाली भाजपा अब समाज को शिक्षा के माध्यम से तोडऩे की साजिश कर रही है।उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रोफेसर की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है वहां विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है साथ ही शोध कार्य भी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है, शोध कार्यो की गुणवत्ता कॉलेज और विवि की पहचान होती है जबकि सरकार ने शोध कार्य को नई शिक्षा नीति में स्नातक कक्षाओं से ही शामिल किया है। फिर सरकार नई शिक्षा नीति को कैसे साकार करेगी।

# संगीत सुनने से तनाव होता है दूर : कैलाशचंद्र

- मनिंदर बब्बू के संयोजन में हुई गीतों भरी शाम, पचास से अधिक लोगों ने गीत गाए
- अपने अपको गाने से नहीं रोक सके जाने माने समाजसेवी कैलाश चंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

जाने माने समाजसेवी तथा महाबीर दल अस्पताल प्रबंधन समिति के प्रधान तथा ओपीएस ग्रुप के सीएमडी कैलाश चंद गुप्ता ने कहा है कि संगीत से जीवन में तनाव दूर होता हैद्व संगीत के माध्यम से डिप्रेशन से दूर निकल सकते हैं। संगीत के स्वर भगवान का बरदान हैं। वह मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा मंगलसैन सभागार परिसर में मिराज होटल में आयोजित संगीत संध्या में बतौर मुख्य अतिथ बोल रहे थे। गीतों भरी शाम का संयोजन जानी मानी गायिका मनिंदर बब्बू ने किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता राइस मिन एसोसिएशन तरावड़ी के सचिव राकेश हंस ने की। अतिथियों ने कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्जवलित कर किया।कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा गाए गीतों गीतों से मुख्य अतिथ कैलाश चंद्र गुप्ता इतने प्रभावित हुउ किवह अपने आपको गाने से नहीं राक पाए। उन्होंने पल पल दिल के पार तुम रहती हो गीत गा कर अपनी भावनाएं अपनी पत्नी को समर्पित की। कार्यक्रम का आगज मनिंदर बब्बू और दिलशाद ने अपनी मधुर आवाज में आशाओं के सावन में गीत गाकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विनोद मंगला ने तौबा ये मतवाली चाल गाकर गा कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में विजय शर्मा ने ओ मेरी शर्मीली ओ ना, अरुण राजपाल ने अभी तो हाथ में जाम हैं, विनय छावड़ा ने ये दुनिया उसी की, गीता छावड़ा ने किस लिए मैने प्या किया है राकेश बंसल ने तेरी प्यारीप्यारी सूरत को किसी की नजर ना लगे, अवतार सिंह तारी ने हाल क्या है दिलों का,सुनीता बंसल ने आज फिर जीने की तमन्ना है, अनिल भगत ने सिमटी सर सरमाई सी, राकेश तलबार ने छुने वाले सामने आ, प्रदीप शर्मा ने ना मुंह छिपा के जीओ, कंवल कुमार नें आया रे खिलाने वाला आया रे ,हरीशस बधवन ने ये रेशमी जुलफे ,सुनील राणा ने कितने भी तू कर ले सितम, अनुपमा त्रिहान ने बाहों में चले आओ, जितेंद्र भारती और मनिंदर बब्बू ने युगल गीत दिल तो दिल हैं, गाकर कार्यक्रम में समां बांधा। नेहा शर्मा ने मेरे नसीब में , शिखा दत्त ने ये नय डरे डरे, नरेश दत्त ने ना तुम हमें जानो, आरपी अत्रेजा ने मेरे सपनों की रानी, इंद्र प्रभा सचदेवा ने यारी है ईमान हैं अमरजीत बठला ने छलकाए जाम, गीत गाया।



# नालों व ड्रेनों की सफाई का कार्य शुरू



तरावड़ी। सफाई कार्यो का जायजा लेते अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, सचिव अजित कुमार, पार्षद नरेश गाबा व सफाई कर्मचारी।



तरावड़ी। पोकलेन मशीन द्वारा ड्रेन की सफाई करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

मानसून के आने से पूर्व तरावड़ी शहर के नालों व ड्रेन की सफाई का कार्य बड़े जोरों शोरों से चल रहा है। छोटे नालों की सफाई नगर पालिका सफाई कर्मचारी कर रहे हैं जबकि काटजू नगर के पास स्थित ड्रेन की सफाई पोकलेन मशीन के द्वारा करवाई जा रही है। इस सफाई कार्य का निरीक्षण करने नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, सचिव अजीत कुमार, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा व आज्ञा राम मौके पर पहुंचे और सफाई कार्यो का जायजा लिया व दिशा निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल ने बताया की शहर को साफ स्वच्छ सुंदर बनाना नगर पालिका दायित्व है लेकिन इसके साथ शहर के लोगों का सहयोग अति आवश्यक है। नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की कमी है लेकिन उसके बावजूद भी कर्मचारी दोपहर बाद भी शहर की नालियों व बड़े नालों की सफाई कर्मचारियों द्वारा करवाई जा रही है ताकि बरसात में कहीं जलभराव की समस्या पैदा ना हो। जो एरिया रह गया है उसमे भी जल्दी सफाई करवाई जायेगी। इस अवसर पर उनके साथ सफाई निरीक्षक नवरत्न, आज्ञाराम व सफाई कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# भंडारे के लिए कल होगा जत्था रवाना



तरावड़ी। बैठक मे भाग लेते मंडल सरंक्षक सुभाष गुप्ता, प्रधान दुग्रेश मित्तल व सदस्य। फोटो : हरिभूमि




तरावड़ी। मंडल द्वारा बालटाल कश्मीर में बनाया भंडारे का बेस कैंप। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से श्री अमरनाथ जी का जम्मू कश्मीर में 29 जून से 19 अगस्त बाबा के भक्तों के लिये 28 वां विशाल भंडारा आज शुरू हो गया। जिसको लेकर तरावड़ी मंडल के सदस्यों की अनाज मंडी कार्यालय में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के सरंक्षक सुभाष गुप्ता व प्रधान दुग्रेश मित्तल ने की। बैठक में प्रधान ने सभी सदस्यों से यात्रा संबंधी समान, राशन, दवाइयां व अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। प्रधान दुग्रेश मित्तल व मेंबरों ने यात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए अपने अपने अपने विचार रखें। प्रधान दुग्रेश मित्तल ने पत्रकारों को बताया कि रविवार को 12 सेवादारों का एक जत्था रवाना होगा। जो एक माह वहां रहकर भोले के भक्तों की सेवा करेगें। संरक्षक सुभाष गर्ग व अध्यक्ष द्रुगेश मित्तल ने बताया कि मंडल हर वर्ष श्री अमरनाथ की गुफा पर बालटाल के रास्ते बराड़ी मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन करती है। जिसका बेस कैंप बालटाल में बनाया जाता है। हमारी संस्था भंडारे पर यात्रियों के लिए रात को ठहरने के लिए शेड, कंबल, दवाइयां व भोजन की सुविधा उपलब्ध करवाती है। उन्होंने बताया यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा पंजीकरण व अन्य जानकारी के लिए मंडी स्थित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर सरंक्षक सुभाष गुप्ता, प्रधान दुर्गेश मित्तल, उपाध्यक्ष गौरव बंसल, कोषाध्यक्ष बनवारीलाल काठपाल, सुरेश बंसल,नरेंद्र कुमार, जगदीश रावल, नरेन्द्र हन्दूजा आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी पैरामीटर्स पर बारिकी से करें काम

# कूड़ा मुक्त शहर की रेटिंग में 5 स्टार लेने का लक्ष्य

- डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण हो शत प्रतिशत, वाहनों की आवश्यकता को करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

स्वच्छता रैंकिंग में करनाल को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में लाने के लक्ष्य को लेकर नगर निगम आयुक्त एक्शन मोड में काम कर रहे हैं। शुक्रवार को कलस्टर हैड एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने इस विषय को लेकर करनाल कलस्टर की मासिक समीक्षा बैठक कर सुगम स्वच्छता एजेंसी व निगम अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कूड़ा मुक्त शहर की रेटिंग को लेकर नगर निगम 3 स्टार पहले हासिल कर चुका है, अब 5 स्टार रेटिंग लेने का लक्ष्य रखा गया है। निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी पैरामीटर्स पर बारिकी से काम किया जाए, कोई भी बिन्दू छूटना नहीं चाहिए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगमायुक्त अशोक कुमार, एक्सईएन प्रियंका सैनी, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा तथा सेनीटेशन टीम के अधिकारियों के अतिरिक्त नगर पालिका सचिव व स्वतंत्र विशेषज्ञ मौजूद रहे। निगमायुक्त ने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि निगम व पालिका क्षेत्रों से डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण को शत प्रतिशत करें। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र में कूड़ा ढोहने वाले संसाधनों में 87 टिप्पर, 1 ई-टिप्पर, 22 रिक्शा-रेहड़ी तथा 2 ई-रिक्शा मौजूद हैं। इन संसाधनों में 17 अतिरिक्त टिप्पर जोड़े जाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि एजेंसी टिप्परों की आवश्यकता को जल्द पूरा करे। इसके लिए एजेंसी एक्शन प्लान बनाकर दे कि नए टिप्पर कब तक सफाई बेड़े में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने इनका रूट प्लान भी पहले से ही तैयार रखने के निर्देश दिए, ताकि टिप्पर आते ही इन्हें फील्ड में उतारा जा सके। निगमायुक्त ने बैठक के पश्चात शेखपुरा स्थित ठोस अपशिष्टां प्रबंधन संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग ट्रोमल मशीनों पर जाकर चल रही कूड़े-कचरे की प्रोसेसिंग को चेक किया। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि माईनस 100 एम.एम. वाले कचरे की प्रोसेसिंग में भी तेजी लाई जाए।




करनाल। मीटिंग में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते निगम आयुक्त। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गंगाराम कॉलोनी में घर से सामान व जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की गंगाराम कॉलोनी निवासी फारुख मूल निवासी भदौई, उत्तर प्रदेश के घर से चोर 15 लीटर सरसों का तले, एक गैस सिलेंडर, एक जोड़ी कानों की बालों चोरी कर ले गए। फारुख ने थाना ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में दी शिकायत में बताया कि वह 13 जून को वह ईद मनाने के लिए अपने गांव चला गया था। जब वह अपने घर लौटा तो घर के गेट के ताले टूटे हुए थे। उसने घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। एएसआई सुभाष ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है।

### हरिसिंह कालोनी में घर से जेवर व नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत शहर की हरिसिंह कालोनी निवासी खुशवंत के घर चोरी हो गई। तहसील कैंप थाना पुलिस ने खुशवंत की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, खुशवंत ने बताया कि चोर उनके घर से तीन जोड़ी सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी कानों की सोने की बालियां, 4 जोड़ी चांदी की पायजेब, 2 गले के हार, 3 जोड़ी पैरों की चुटकी, 2 जोडी कुंडली चांदी की, 1 अंगूठी चांदी व तीन हजार रूपये की नगदी चोरी कर ले गए।

### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को दबोचा

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने जीटी रोड तहसील कैंप कट पर नाकाबंदी कर अजय उर्फ कालू पुत्र वेद प्रकाश निवासी भूल भूलैया चौक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में लक्की पुत्र नरेंद्र निवासी पटेल नगर तहसील कैंप की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### बाइक चोर गिरोह के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम सोनीपत जेल में बंद बाइक चोर गिरोह के दो आरोपियों संजय व विशाल निवासी खरकड़ा हिसार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। पूछताछ में आरोपियों ने मलिक पेट्रोल पंप के पीछे ब्लू डार्ट कंपनी के आफिस के बाहर से एक स्पलेंडर बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### बापौली सब डिवीजन कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**पानीपत।** पानीपत के गांव भलौर में बिजली कर्मियों के साथ हुई मारपीट की शिकायत पर बापौली थाना पुलिस द्वारा सही धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज न करने और जानबूझकर मामले में लीपा पोती किए जाने को लेकर बिजली कर्मचारियों ने बापौली सब डिवीजन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में यूनिट प्रधान नरेंद्र रावल, राज्य प्रधान राधा कृष्ण वी यूनिट सचिव दयानंद, राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल, सर्कल सचिव तेजवीर, कैशियर अमित रावल, गगन आदि ने भाग लिया।

### धान की सीधी बिजाई करें किसान

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में खंड कृषि अधिकारी डा.सेवा सिंह की अध्यक्षता में धान की सीधी बिजाई पर सेमिनार का आयोजन किया गया। किसानों के साथ डा.सेवा सिंह ने धान की पारम्परिक विधिव को छोड़कर सीधी बिजाई से धान उगाकर ज्यादा पैदावार लेने बारे विस्तार से चर्चा की।

---

केंद्र सरकार के सफल प्रयास से देश पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया

# जनता की हर समस्या का निराकरण होगा : ढांडा

**सहकारी मंत्री महीपाल ने गांव राजखेडी व कुटानी में जनसुनवाई की**

- बिजली पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। गांव राजाखेडी में जनसुनवाई करते हुए सहकारी मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को जिले के गांव राजा खेड़ी व कुटानी में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के सफल प्रयास से देश पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में देश अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे स्थान पर होगा। राज्य सरकार की यह पहल लोगों में ऊर्जा का संचार कर रही है। यह पहला अवसर है जब प्रशासन लोगों के द्वार पर जाकर न केवल उनकी समस्याओं को पूछता है बल्कि निश्चित समय में उनका समाधान भी करता है। इस कार्यक्रम में जिन लोगों ने समस्याएं दी है उनका निस्तारण हर हाल में होगा। इसको लेकर वे गंभीर है, उनका चिंतन व मंथन सकारात्मक है। जिसके भविष्य में परिणाम सार्थक होंगे। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बिजली पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आमजन की समस्याओं को दूर करने को लेकर वे लगातार गांव-गांव जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे है। उनका उद्देश्य लोगों की सेवा करना व जरूरतमंद को वह सब कुछ उपलब्ध कराना है जिसको लेकर यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें आपार सफलता मिल रही है। समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचते है व समाधान होने पर ढेरों आशीर्वाद देकर उनका उत्साह बढ़ाते है। कार्यक्रम में जो समस्याएं मिल रही उनमें ज्यादातर समस्याएं बुढ़ापा पैंशन, फैमली आईडी, आधारकार्ड, अवैध अतिक्रमण व सौ-सौ गज के प्लाटों के संदर्भ में मिल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी कथनी व करनी एक समान है। लोगों को इस बात का पूरा भरोसा है कि दरबार में जो समस्याएं वो लेकर पहुंच रहे है उनका समाधान निश्चित रूप से होगा। इसी विश्वास को कायम रखने के लिए वे जनता के बीच में पहुंच रहे है। जनता का भरपूर समर्थन इस बात की मोहर लगाता है कि आमजन का उनके प्रति विश्वास बढ़ा है।

---



पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए।

## सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने स्थल जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नई अनाज मण्डी में रविवार को निर्धारित कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दौरा कर प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम स्थल को छह सेक्टरों में बांटा गया है जिसमें एक सेक्टर में एक हजार से ज्यादा व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था होगी। पार्किंग के लिए मंच के दूसरी तरफ जगह निर्धारित की जाएगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए अलग से मंच स्थापित किया जाएगा। मंच पर एलईडी की विशेष व्यवस्था होगी। उपायुक्त ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिद्गत बैरीकेडिंग की जाएगी। चार एसी टावर लगाए जाएंगे। रैली में पहुंचने वालों के लिए कूलरों की विशेष व्यवस्था की जाएगी। हैलीपेड पर व मंच के साथ वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को शेड के आसपास सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि किसी भी तरह की घटना ना घटे इसको लेकर शेड की छत को चादर से कवर किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि मुख्य मंच पर 20 के करीब वीआईपी के बैठने की व्यवस्था होगी। कार्यक्रम स्थल पर दमकल विभाग की गाडियों व एम्बुलेंस की विशेष व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए पानी की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

---

## पानीपत में मरम्मत के चलते दिन भर बाधित रही बिजली की आपूर्ति

- जाटल की बिजली सप्लाई शुक्रवार की सुबह चार बजे से लेकर 11 बजे तक बंद रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के 132 केवी से चलने वाले 33 केवी सब स्टेशन गांव जाटल की बिजली सप्लाई शुक्रवार की सुबह चार बजे से लेकर 11 बजे तक बंद रही। इससे 11 केवी फीडर न्यू जाटल आरडीएस, सौंधापुर आरडीएस, जीतगढ़ आरडीएस, जाटल एपी, बिंझौल एपी, मिलानी एपी, राम नगर अर्बन, नोहरा एपी, सौंधापुर एपी, सिठाना एपी, एसटीपी अर्बन, ईआरपी, पीएच अर्बन, जीएस व बाल विकास एरिया प्रभावित रहा।

वहीं, 11 केवी फीडर एमआइटीसी की सप्लाई भी सुबह चार से 11 बजे तक बंद रही। 11 केवी फीडर असंध रोड की सप्लाई सुबह तीन से नौ बजे तक बंद रही। 11 केवी मॉडल टाउन, गुरुद्वारा व विराट नगर की सप्लाई सुबह तीन से पांच बजे, 11 केवी फैक्ट्री फीडर की सप्लाई सुबह सात से नौ बजे तक बंद रही। दूसरी ओर, 400 केवी बीबीएमबी से चलने वाले 33 केवी सब स्टेशन सनौली रोड इंडस्ट्री व 33 केवी डाहर की सप्लाई सुबह पांच से दोपहर साढ़े 12 बजे तक बंद रही। इससे 11 केवी डाहर आरडीएस, डाहर एपी 1, 2 व 3, विकास गर्ग, डाहर इंडस्ट्री 1 व 2, एमके स्पिन टैक्स, एसएमएम, फेस-3, गुप्ता, निर्मला, देवी दयाल एरिया प्रभावित रही। जबकि 33 केवी सब स्टेशन नारायणा की सप्लाई सुबह पांच से साढ़े पांच और दोपहर 12 से साढ़े 12 बजे तक बंद रही। इससे ढोडपुर आरडीएस, नारायणा आरडीएस, शिव सिलिंडर, नारायणा 1 व 2 एपी, मनाना-2 एपी, ग्वालड़ा 1 व 2 एपी, एमआईटीसी 1 व 2 एपी एरिया प्रभावित रहा। इधर, 220 केवी समालखा से चलने वाले 33 केवी मनाना की सप्लाई सुबह आठ से दोपहर साढ़े 12 बजे तक बंद रही। इससे मनाना डीएस, विनायक, शिवम शेरा, मनाना एपी 1, 3 व 4 एरिया प्रभावित रही।

---

## समर कैंप में स्लम बस्ती के बच्चों का बढ़ाया आत्मबल

- बाल भवन में चल रहे समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। बाल भवन में समर कैंप के समापन पर अतिथियों के साथ बच्चें।

पानीपत के बाल भवन में चल रहे समर कैंप का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर बच्चों की हौसला अफजाई के लिए सीटीएम नीटू पोसवाल पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। समापन कार्यक्रम में बच्चों ने डांस से लेकर जुडो कराटे योगा में प्रतिभा का हैरान कर देने वाला प्रदर्शन किया।

इस मौके पर सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा समर कैंप में जो स्किल बच्चों ने सीखे वो इन बच्चों में कॉन्फिडेंस जरूर लाएंगे, बच्चे अब खुद को मुख्य धारा से जुड़ा महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि ये बच्चे उस समाज से आते है जो बिल्कुल हासिये पर चला गया था, ऐसे बच्चो को उस जगह से निकाल कर लाना बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। वहीं इस तरह के कार्यक्रम साल भर चलाए जाने चाहिए। समापन पर जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि इस बार कैंप ने रिकॉर्ड कायम किया है, बच्चों की स्ट्रेंथ चार सौ तक पहुंची उन्हें खुशी है स्लम एरिया के बच्चों को बेहतरीन वातावरण दिया। बच्चों ने काफी कुछ सीखा और यही सीख बच्चों के जीवन मे आगे चलकर काम आएगी। उन्होंने कहा कि कैंप के बाद भी पानीपत बाल भवन की टीम स्लम एरिया के बच्चों के संपर्क में रहेगी। समर कैंप को सफल बनाने के लिए रितु ने बाल भवन की प्रोग्राम ऑफिसर रितु व समस्त स्टाफ के साथ-साथ सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर सहयोग के अध्यक्ष गौरव लीखा, सदस्य रचित जगा आशु दुआ पंकज दुआ, मोहित बजाज, ज्ञान अरोड़ा, आशु टुटेजा, अनिल रेवड़ी, ललित कुमार, मनोज रहेजा आदि उपस्थित रहे।

---



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के साथ पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारीगण।

## हरियाणा में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: भट्ट

**पानीपत।** देश के गृह मंत्री अमित शाह की 29 जून को पंचकूला के ताऊ देवीलाल ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय बैठक की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की जिला अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इस बैठक में मंथन किया जाएगा। हरियाणा भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान सहित तमाम वरिष्ठ नेता इस बैठक में भाग लेंगे । बैठक का मुख्य एजेंडा हरियाणा में फिर एक बार भाजपा सरकार बनाना होगा। दूसरी ओर, भाजपा जिला पानीपत की ओर से प्रगतिशील किसान सेठपाल नौहरा को पशुपालन एवं डेयरी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गय। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट सहित बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। बैठक में मौजूद किसान मोर्चा के जिला सचिव समुंद्र जागलान ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलता है।

---

## अधिकारी स्वयं को जनता का सेवक समझें : डॉ वीरेंद्र

- समाधान शिविर में पहुंची 324 समस्याएं, 84 का मौके पर हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुवाई करते हुए डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया।

समाधान शिविर राज्य सरकार की वह ऐतिहासिक पहल है जिसका हर वर्ग के व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। जिले में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे है समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ता पूरी तरह से सरकार की इस पहल से संतुष्ट है। उपमंडल स्तर व जिला स्तर पर 10 जून से आयोजित किएे जा रहे इस समाधान शिविर में जो समस्याएं विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा रखी जाती है। उनका मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से समाधान हो रहा है। रोजाना दो घंटे से ज्यादा चलने वाला समाधान शिविर अब तो अधिकारियों व शिकायतकर्ताओं के लिए जैसे उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। शुक्रवार को आयोजित किए गए शिविर में कुल 324 समस्याएं पहुंची जिनमें से 84 का मौके पर समाधान किया गया। अन्य दिनों की अपेक्षा शिकायतकताअरं की संख्या ज्यादा रही। वहीं डॉ दहिया ने बताया कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकारी कार्यालयों में समस्याओं को लेकर नहीं पहुंच पाते थे उनके लिए समाधान शिविर एक बड़ा कामयाब मंच साबित हो रहा है। लोग बेहिचक होकर खुले दिल से अपना अधिकार समझ समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंचते है। प्रशासन द्वारा भी समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं का पूरा ख्याल रखा जाता है। कई शिकायतें ऐसी भी पहुंचती है जिनके निदान में अमूमन दस मिनट का समय भी लग जाता है।

---

### प्रमोशन प्रक्रिया शुरू करने की मांग

**पानीपत।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन हरियाणा राज्य पशुपालन विभाग संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की मीटिंग जिला कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता शिवकुमार अहलावत जिला प्रधान व मंच संचालन राज्य कमेटी सचिव व जिला सचिव तेजिंदर खर्ब ने किया।

इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ जिला उप प्रधान कश्मीर सिंह, तेजिंदर खर्ब, दिलबाग सिंह, विनोद कुमार, पवन कुमार ,रवि दत्त, कुलदीप, रमन, साहिल, संदीप, विकास, बिजेंद्र, रमेश चंद, राकेश, सोमपाल व धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

---

## ग्रामीण अंचल में बिजली की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

- शाम ढलते ही बिजली खम्भे पर लगे मीटरों से तार बदल देते

इसराना क्षेत्र के कई गांवों में खुले आम बिजली की चोरी हो रही है। शाम ढलते ही बिजली उपभोक्ता खम्भे पर लगे बिजली मीटरों से तार बदलते हैं ओर सुबह होने पर हटा देते हैं क्योंकि गर्मी होने के कारण एसी ओर कूलर चलाने पर बिजली ज्यादा खर्च होती है। बता दें कि इसराना क्षेत्र के गांवों में बिजली के एनर्जी मीटर घरों से बाहर लगायें हुए हैं। इसके बाद भी कुछ उपभोक्ता खम्भे पर लगे बिजली मीटरों से तार बदलते हैं ओर बिजली की चोरी करते हैं।



पानीपत। सैन्य बाइक रैली का स्वागत करते हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधिगण। फोटो : हरिभूमि

---

नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस कर रही कड़ी कानूनी कार्रवाई

# नशे के विरूद्ध महिला व पुरुष श्रमिकों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए महिला व पुरुष श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

पानीपत पुलिस ने शुक्रवार को जीटी रोड पर स्थित देवगिरी इंटरनेशनल फैक्ट्री में कार्यक्रम का आयोजन कर श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। जागरूक्ता अभियान के कॉर्डिनेटर एएसआई जगपाल ने इस दौरान श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों बारे जानकारी देते हुए बताया की नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की शुरूआत पहले मजे और मित्रों के साथ जश्न से होती है। धीरे-धीरे नशे के अंधकार जाल में फंसता चला जाता है, उससे कभी निकल नहीं पाता। वह अपने जीवन के सारे लक्ष्य से दूर होता चला जाता है और नशेड़ी जीवन की तरह अग्रसर हो जाता है। अपने परिवार से मानसिक और जज्बाती तौर से कोसों दूर चला जाता है। जो लोग नशे की लत में पड़ जाते है उन्हें लगता है कि नशा करके उसके सारे दुखों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। लेकिन वास्तव में यह सोच गलत है। कुछ लोग अपने दुखों को भूलने की बात कहते हुए नशे का सहारा लेते है। जिससे शारीरिक व आर्थिक हानि होती है। इधर, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करना व इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

### तस्करों की पुलिस को दी सूचना

पानीपत पुलिस की आमजन से अपील है कि ड्रग्स के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिये पुलिस का सहयोग करें। कोई भी व्यक्ति जिसके पास ड्रग्स के कारोबार या इसमें संलिप्त लोगों के बारे में विश्वसनीय सूचना है तो वह पानीपत एंटी नारकोटिक्स सैल इंचार्ज के मोबाइल नम्बर 7419600124 या संबधित थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी या चौकी इंचार्ज के नंबर पर दे सकते हैं। सूचना प्राप्ती के बाद सूचना का सत्यापन कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

---

# सैन्य बाइक रैली का पानीपत में स्वागत

## कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भारतीय सेना अधिकारियों की बाइक रैली का आयोजन किया। जिसका स्वागत मै. सीता राम खुशहाल चंद पेट्रोल पम्प पर किया गया। इस अवसर पर पानीपत क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख सचिन सिंगला, क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक धीरज चहर, सिद्धार्थ सरन, अंकुश डोंकल और डीलर निशांत गुप्ता ने भी भाग लिया। रैली में भारतीय सेना के वीर अधिकारियों ने बाइकों से रैली निकालकर कारगिल विजय दिवस को समर्पित की। हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधि और बिक्री बिंदु ने व्यक्तिगत रूप से इस उपलक्ष्य की महत्वपूर्णता को समझाया। वहीं स्वागत के बाद भारतीय सेना के अधिकारियों की यह बाइक रैली कारगिल की और रवाना हुई। जहां उन्हें कारगिल दिवस से पहले पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि देनी है।

